ADITYA BIRLA
HINDALCO

दिनांक : 12.03.2021

सेवा में,
श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट,
सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर को 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 52.9666 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो (दिनांक 15.10.2021 से 15.10.1946 तक)के लिये नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव संख्या FP/UP/TRANS/41830/2019 के संबंध में ।

संदर्भः आपका पत्रांक 2830/ रेणुकूट/ 15–27 दिनांक 18.02.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में अपने पत्र दिनांक 18.02.2021 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके द्वारा आपने निम्नलिखित 8 बिन्दुओं को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया है । उक्त बिन्दुओं का निराकरण करते हुये उक्त प्रस्ताव की पॉच प्रति आपके सेवा में पुनः प्रेषित है :–

| क्रम सं0 | विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | विषय सूची पर प्रयोक्ता अभिकरण के हस्ताक्षर नहीं है । | विषय सूची पर प्रयोक्ता अभिकरण के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर कर दिया गया है । |
| 2 | फार्म–ख भाग–1 के प्रथम पन्ना पर हस्ताक्षर नहीं है तथा दूसरे पन्ना पर तारीख व स्थान अंकित नहीं है । | फार्म–ख भाग–1 के प्रथम पन्ना पर अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर कर दिया गया है तथा दूसरे पन्ना पर तारीख व स्थान भी अंकित कर दिया गया है । |
| 3 | एन0पी0वी0 आंकलन संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है । | एन0पी0वी0 आंकलन संबंधी प्रमाण पत्र संलग्नक–28 के रूप में पृष्ठ सं0 70 पर संलग्न है । |
| 4 | मुख्य वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सख्या 843/ 11–सी लखनऊ दिनांक 14.08.2020 में अंकित प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं है । | मुख्य वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सख्या 843/ 11–सी लखनऊ दिनांक 14.08.2020 में अंकित प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्नक–31 के रूप में पृष्ठ सं0 81 पर संलग्न नहीं है । |
| 5 | वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है । | वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा जारी प्रमाण पत्र जमा करने हेतु बचनवद्धता प्रमाण पत्र संलग्नक–8 के रूप में पृष्ठ सं0 19 पर संलग्न है । सैद्धांतिक स्वीकृत मिलने के पश्चात वनाधिकारी अधिनियम प्रमाण पत्र संस्थान द्वारा जमा कर दिया जायेगा। |

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District. Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: +91 22 6691 7001
Corporate ID No: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA
HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| 6 | प्रस्तावित वनभूमि से संबंधित विवरण जिसमें पुराना/ नया गाटावार विवरण अंकित हो, संलग्न नहीं है । | चूंकि प्रस्तावित वनभूमि का डिजीटल मैप जी.पी.एस. रीडिंग सहित संलग्न है, जिससे प्रस्तावित स्थल का सटीक लोकेशन प्राप्त किया जा सकता है, तथा जो आधुनिक तकनीक में सबसे उत्तम है। अतः पुराना/नया गाटावार विवरण अंकित करने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता । |
| 7 | प्रस्तावित वन भूमि से संबंधित राजस्व मानचित्र संलग्न नहीं है । | चूँकि प्रस्ताव में मॉगी गयी भूमि वनभूमि है अतः राजस्व मानचित्र संलग्न करने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं है । |
| 8 | प्रस्तावित लागत लाभ विश्लेषण में एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन त्रुटिपूर्ण है । | प्रस्तावित लागत लाभ विश्लेषण में एन0पी0वी0 की धनराशि आंकलन में संशोधन कर दिया गया है । |

अतः श्रीमान्जी से अनुरोध विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

12/03/2021

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

संलग्नक : उपरोक्तानुसार (पॉच प्रतियों में)।

16/3/21

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी • रेनुकूट वन प्रभाग • रेनुकूट सोनभद्र •
फाइल सं०........
पंजी.सं.........
दि०.........

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District. Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: +91 22 6691 7001
Corporate ID No: L27020MH1958PLC011238